तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 14 मार्च 2026



11 विज्ञान प्रदर्शनी व क्राफ्ट मेला के प्रतिभागी छात्र सम्मानित





12 दिल्ली से आई विशेषज्ञ टीम ने टेकापार जन चेतना केंद्र ...






**खबर संक्षेप**

### त्रिदिवसीय कबीर सत्संग समारोह मोखा में 14 से

**बालोद/कलंगपुर।** कबीर आश्रम एवं ग्रामवासी मोखा रजोली के तत्वावधान में 14 से 16 मार्च तक त्रि दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन स्थानीय सामाजिक कलामंच मोखा में आयोजित किया गया है। आयोजन में कबीर वाणी के प्रखर शिल्प त्यागमूर्ति सरल संत धर्मेन्द्र साहेब कबीर पारख संस्थान इलाहाबाद प्रयागराज अपनी संत मंडली सहित एवं क्षेत्रीय आश्रमों से संतों का आगमन होगा। कार्यक्रम का समय सुबह 10 से 1 बजे तक एवं दोपहर 2:30 से शाम 5 बजे तक होगा।

### कॉलेज में वार्षिकोत्सव और सम्मान समारोह आज

**बालोद।** शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद द्वारा वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन 14 मार्च को महाविद्यालय प्रागंण में किया गया है। इसके मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर होगी। अध्यक्षता प्राचार्य शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद डॉ. जेके खलको करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिशद् बालोद प्रतिभा चौधरी, अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद सरस्वती टेमरिया रहेंगे। विशेष अतिथि जनभागीदारी समिति बालोद, शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद अध्यक्ष अमित चोपड़ा, अध्यक्ष चेम्बर ऑफ कामर्स बालोद हरीश सांखला, पार्शद वार्ड क्रमांक 15 गोकुल ठाकुर, प्रदेश महासचिव युवा प्रकोष्ठ सतनामी समाज नरेन्द्र सोनवानी, प्रभारी छात्र संघ डॉ एचएल मानकर रहेंगे।



# गाजे बाजे के साथ लाई भगवान श्रीराम की मूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर के पूर्व छात्र संदीप चंद्राकर द्वारा निर्मित भगवान श्रीराम की भव्य मूर्ति शुक्रवार संध्या गाजे बाजे आतिशबाजी के साथ लाई गई। भगवान राम प्रतिमा की अगवानी में उड़ीसा के मूलभूत नर्तक के नृत्यों के साथ मंदिर तक पहुंचे।

साथ में आरएसएस के जिला पदाधिकारी हलधर महमल्ला, सरपंच रूपेंद्र शुक्ला, कार सेवक जिलोखन चंद्राकर, सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, व्यवस्थापक आसकरण जैन, समाज सेवी सुरेश जैन, ऋषि चंद्राकर चंद्रकैलाश जैन, भोला नरोत्तम साहू, राजा चंद्राकर राधेश्याम राठी, नारद साहू अनिल देवांगन, मनीष चंद्राकर, किशोर साहू, तीरथ चंद्राकर, मोहन चन्द्राकार, कुंजी चंद्राकर सहित सैकड़ों ग्रामीण नर नारी बच्चे भक्तों ने भगवान राम प्रतिमा की भव्य स्वागत किए।



**27 मार्च को जामगांव आर में होगी श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा :** जामगांव आर में भव्य श्रीं राम मंदिर के निर्माण करता संदीप चंद्राकर ने बताया कि वैदिक विधि से पूजन आचार्य श्री मिथलेश शर्मा परसतराई वाले 27 मार्च को भगवान श्रीं राम की प्राण ▸▸|शेष पेज 10 पर

### ओड़िशा मयूर गंज से 1000 किमी सफर कर जामगांव आर पहुंची मूर्ति

योगेंद्र गिरी गोस्वामी ने बताया कि 1000 किमी दूर उड़ीसा के मयूर गंज से भगवान श्री राम की मूर्ति शुक्रवार को जामगांव आर पहुंची। उन्होंने बताया कि जामगांव आर में मंदिर का भूमिपूजन अयोध्या में भगवान श्रीं राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिवस किया गया जो अब बनकर तैयार हुई।

**आयोजन**

# जनसमस्या निवारण शिविर में 159 आवेदनों का निराकरण

### शिविर में दूर दराज से पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम पोण्डी में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर ग्रामीणों के लिए सौगातों भरा रहा।

इस दौरान शिविर में अनेक हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नवनिर्मित आवासों के आवासपूर्णता प्रमाण पत्र, मुकबधिर हितग्राहियों को श्रवण यंत्र एवं दिव्यांग हितग्राहियों को छड़ी और इलेक्ट्रिकल व्हील चेयर प्रदान करने के अलावा मत्स्य विभाग के योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को मछली जाल, आईस बॉक्स प्रदान करने के साथ ही ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को शासन के अनेक जनकल्याणकारी योजनओं से लाभान्वित किया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले जनसमस्या निवारण शिविर की भाँति



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी एवं अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ बस में सवार होकर ग्राम पोण्डी पहुँचे। जिला प्रशासन के प्रमुख अधिकारियों के ग्राम पोण्डी पहुँचने पर ग्रामीणों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा कलेक्टर मिश्रा एवं अधिकारियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। पोण्डी जनसमस्या निवारण शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन ▸▸|शेष पेज 10 पर

### कलेक्टर ने दिलाई बाल विवाह मुक्त समाज और जल संरक्षण की शपथ

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए उन्हें किसी भी स्थिति में बाल विवाह नही करने तथा इसके रोकथाम के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू ने पोण्डी में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के आला अधिकारियों की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी का आत्मीय अभिनंदन एवं स्वागत किया। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि शिविर में ▸▸|शेष पेज 10 पर

# शहर में धड़ल्ले से हो रहा घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों होटलों, भोजनालयों, ठेलों, गुमटियों और छोटे-बड़े ढाबों में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग खुलेआम किया जा रहा है।

- कार्रवाई के अभाव में होटल-ढाबा संचालकों के हौसले बुलंद

नियमों के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर केवल घरों में उपयोग के लिए होता है, जबकि व्यवसायिक उपयोग के लिए अलग से कमर्शियल गैस सिलेंडर लेना अनिवार्य होता है। इसके बावजूद शहर में कई स्थानों पर घरेलू गैस का इस्तेमाल बेखौफ तरीके से किया जा रहा है, जिससे संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। स्थानीय प्रकाश कुमार, रोहित कुमार ▸▸|शेष पेज 10 पर



**संबंधित विभाग का पक्ष**

जिला खाद्य विभाग के अधिकारी तुलसी ठाकुर का कहना है कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग नियमों के विरुद्ध है। यदि कहीं इस प्रकार की शिकायत मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाती है। शहर में निरीक्षण अभियान चलाकर होटल-ढाबों की जांच की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।




## खबर संक्षेप



### दुकानों से डिस्पोजल जब्त, जुर्माना वसूला

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा शहर को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाए रखने के उद्देश्य से प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री के उपयोग पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार बुधवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार के नेतृत्व में बाजार विभाग के ईश्वर वर्माए शशिकांत सहित निगम की टीम द्वारा शराब भट्ठी आहताए बटालियन तथा कातुलबोर्ड क्षेत्र के आसपास चौक.चौराहों और ठेला दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कई दुकानदारों द्वारा प्रतिबंधित डिस्पोजल गिलास एवं झिल्ली पन्नी का उपयोग करते पाए जाने पर निगम की टीम ने मौके पर ही कार्रवाई की।

### आज कुछ क्षेत्रों में जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

**दुर्ग।** प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग द्वारा 24 एवं 42 एमएलडी शिवनाथ नदी इंटेकवेल में तकनीकी सुधार एवं आवश्यक मरम्मत कार्य किए जाने के कारण 13 मार्च को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा आपूर्ति बंद रहने के कारण इंटेकवेल से संचालित पंपों का संचालन प्रभावित रहेगा, जिसके चलते संबंधित क्षेत्रों में द्वितीय पहर की जलापूर्ति में विलंब होने की संभावना है। नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि उक्त अवधि को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार पहले से ही पानी का संग्रह कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके। तकनीकी कार्य पूर्ण होते ही जलापूर्ति को सामान्य रूप से पुनः प्रारंभ कर दिया जाएगा।

### विकास कार्य के लिए स्वीकृति

**दुर्ग।** विधानसभा क्षेत्र पाटन एवं विधानसभा क्षेत्र दुर्ग शहर अंतर्गत दो विकास कार्य के लिए 29 लाख 99 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यो का संपादन हेतु निर्धारित क्रियान्वयन एजेंसी क्रमशः मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पाटन तथा कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग द्वारा किया जाएगा।

### 33 दिन के आंदोलन के बाद फिर उठी लंबित मांगें



**दुर्ग।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके विधानसभा कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एनएचएम कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा और जल्द निराकरण का आग्रह किया। संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि कर्मचारियों से जुड़े कई मुद्दे लंबे समय से लंबित हैं। इनमें प्रमुख रूप से एनएचएम कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने, अनुकंपा नियुक्ति, स्थानांतरण नीति, नई मानव संसाधन नीति, और नियमित भर्ती में अनुभव के आधार पर अतिरिक्त अंक देने की मांग शामिल है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सरकार द्वारा पूर्व में की गई घोषणाओं और मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि सुशासन की सरकार में कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है और उनकी सभी जायज मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### दुर्ग में शहर और ग्रामीण जिला का प्रदर्शन, भिलाई में प्रियदर्शनी परिसर के पास विरोध

# भाजपा कार्यालय का घेराव करने की कोशिश कर रहे कांग्रेसियों से पुलिस की झूमाझटकी

## दोनों ही जगहों पर जमकर हंगामा, कार्यकर्ताओं ने दर्ज कराया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई/दुर्ग

समोदा में अफीम की खेती में भाजपा नेता विनायक ताम्रकार का नाम सामने आने के बाद गुरुवार को कांग्रेस ने उग्र प्रदर्शन किया। दुर्ग में शहर और ग्रामीण जिला कांग्रेस ने राजीव भवन शनिचरी बाजार से रैली निकाली। इसके बाद भाजपा कार्यालय पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ता घेराव की कोशिश करते रहे। पुलिस ने उन्हें बैरिकेडिंग करके रोकने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस से झूमाझटकी भी हुई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया। इधर भिलाई में ज्यादा उग्र प्रदर्शन हुआ। कार्यकर्ता प्रियदर्शनी परिसर के पास एकत्रित हुए। इसके बाद जमकर नारेबाजी करते हुए भिलाई भाजपा संगठन के जिला कार्यालय पहुंचने का प्रयास करने लगे। उन्होंने बैरिकेडिंग तोड़ दी। बाद में पुलिस ने उन्हें रोका। प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, अध्यक्ष राकेश ठाकुर, धीरज बाकलीवाल, मुकेश चंद्राकर, पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रतिमा चंद्राकर सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नैतिकता के आधार पर गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग की। साथ ही आगामी दिनों में और भी उग्र प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी दी।



### भिलाई शहर जिला के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झूमाझटकी



**भिलाई।** प्रदेश में बढ़ती नशाखोरी एवं अपराध के विरोध में भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को प्रियदर्शनी परिसर स्थित भाजपा कार्यालय पर हल्ला बोला। भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारी और हजारों कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय के समक्ष जबरदस्त प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त जोश दिखाते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा लगाए गए पहले बैरिकेड को तोड़ दिया जिससे पुलिस प्रशासन के पसीने छूट गए। दूसरे बैरिकेड पर पुलिस की जबरदस्त नाकाबंदी थी जिसे भी कार्यकर्ताओं ने तोड़ने का प्रयास किया। आधे घंटे की झूमा झटकी के बाद प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। हाथों में कांग्रेस का ध्वज और बैनर पोस्टर लिए पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, महापौर नीरज पाल, प्रदेश सचिव सीजू एंथोनी, पूर्व साडा उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह, इरफान खान, पूर्व महापौर नीता लोधी, अतुल साहू, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, केशव बंछोर, बंटी साहू, इमरान अंसारी, शमशेर सिद्धकी सहित अन्य उपस्थित थे। भाजपा कार्यालय के घेराव व प्रदर्शन की चेतावनी को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने प्रियदर्शनी परिसर स्थित भाजपा कार्यालय की जबरदस्त घेराबंदी की थी। प्रदर्शनकरियों को रोकने दो बैरिकेट लगाए गए थे। प्रदर्शनकारियों का आक्रोश देखते हुए पुलिस प्रशासन के पसीने छूट गए। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अगले बैरिकेट पर कड़ी नाकाबंदी कर दी गई तथा जवानों को सतर्क कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों के पहुंचते ही दोनों तरफ से झूम झटकी शुरू हो गई। अंत में एसडीएम हितेश पिसदा को ज्ञापन सौंपा गया।

### कार्यकर्ताओं ने तोड़े बैरिकेड, भाजपा सरकार पर लगाया संरक्षण का आरोप



**दुर्ग।** दुर्ग में बीजेपी कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। अध्यक्ष राकेश ठाकुर और धीरज बाकलीवाल के संयुक्त नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता राजीव भवन से भाजपा कार्यालय घेराव के लिए रैली के रूप में निकले। इस दौरान कार्यकर्ता भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़े। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन द्वारा पहले से ही भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। भाजपा कार्यालय जाने वाले मार्ग पर कई लेयर में बैरिकेडिंग कर रास्ते को रोक दिया गया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए दो बैरिकेड लेयर तोड़ दिए और मुख्य बैरिकेड तक पहुंचने का प्रयास किया। मौके पर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही और पुलिस अधिकारियों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता विनायक ताम्रकार के फार्म हाउस में अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही थी, जो कानून के खिलाफ गंभीर अपराध है। इसके बावजूद भाजपा सरकार इस मामले पर चुप्पी साधे हुए है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार अपने नेताओं को बचाने का प्रयास कर रही है। राकेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और भाजपा नेता ही खुलेआम अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जा रहे हैं। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मामले को लेकर चुप नहीं बैठेगी और जब तक दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती। इस अवसर पर आरएन वर्मा, दीपक दुबे, राजेंद्र साहू, विक्रांत अग्रवाल, शमशीर कुरेंशी, विशाल देशमुख, रिवेन्द यादव, पालेशवर ठाकुर, बृजकिशोर शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### मोखला मांझी मंदिर में मनाई गई रंग पंचमी



**बालोद।** शहर के मोखला मांझी मंदिर में होली मिलन समारोह के तहत रंग पंचमी का आयोजन किया गया। जिसके तहत आस पास की महिलाएं कार्यक्रम में पहुचकर कार्यक्रम में सम्मिलित हुई तथा रंग गुलाल के साथ विभिन्न पकवान का आनंद लिया।

### बाबा मोहंदी पाठ मंदिर में चैत्र नवरात्रि की तैयारी शुरू



**बालोद/निकुम।** न्याय सिद्ध जय अर्चना मोहंदी पाठ एवं ग्रामवासी मोहंदी पाठ द्वारा अंचल के बाबा मोहंदीपाठ मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर मनोकामना ज्योति कलश आगामी 19 अप्रैल को पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित होगी। गौर हो कि शीतलता के प्रतीक पुराने नीम छांव में विराजित बाबा मोहंदी पाठ की महिमा क्षेत्र में मंडित है, बाबा के दर्शन पूजा करने से बाबा मोहंदी पाठ सबकी मनोकामना पूर्ण करते है, गौर हो कि श्रद्धालूओ की भीड़ सदैव बनी रहती हैं, वही नवरात्रि पर्व पर पारंपरिक जस सेवा गीत की गुंज रहती हैं। वही जय न्याय सिद्ध अर्चना मोहंदी पाठ समिति के अध्यक्ष नरसिंह देवांगन ने बताया कि बीते 36वर्षो से लगातार ज्योति कलश नवरात्र में प्रज्वलित होती है, वही विसर्जन में यहां पुरुष वर्ग विसर्जन करते हैं, वही मंदिर के पुरोहित राजेंद्र चौबे ने कहा कि भक्तगण दर्शन करने आते हैं।

### खप्परवाड़ा में भागवत कथा आज से



**अंडा।** ग्राम खप्परवाड़ा में स्व. वीरेंद्र सिंह चंद्राकर की पुण्य स्मृति में संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 14 मार्च से 22 मार्च तक चलेगा। कथा का वाचक पं.भूपेंद्र पाण्डेय द्वारा किया जाएगा। कथा के माध्यम से भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, धर्म, भक्ति और ज्ञान के विभिन्न प्रसंगों का श्रवण कराया जाएगा। आयोजन के पहले दिन 14 मार्च को कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ होगा। इसके बाद प्रतिदिन अलग-अलग पावन प्रसंगों की कथा सुनाई जाएगी, जिनमें ध्रुव चरित्र, कपिल चरित्र, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीराम जन्म, श्रीकृष्ण जन्म, बाल लीलाएं, रुक्मणी विवाह, सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष जैसे प्रसंग शामिल हैं। कथा का समापन 22 मार्च को पूर्णाहुति, हवन, दुर्गा पाठ और भंडारा के साथ होगा। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से इस पावन आयोजन में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।कथा स्थलः निज निवास, ग्राम खप्परवाड़ा समयः प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा।

### 30 मार्च तक निपटाने होंगे सभी भुगतान

**बालोद।** राज्य शासन ने वित्तीय वर्ष 2025–2026 की समाप्ति को देखते हुए शासकीय भुगतानों और आहरण प्रक्रियाओं के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। जिसके अंतर्गत समस्त चौक आहरण अधिकारी 25 मार्च को शाम 5 बजे तक अपने चौकबुक कोषालय अधिकारी के पास जमा किया जा सकता है। इसके साथ ही उपयोग किए गए निरंक चेक का स्पष्ट विवरण कोषालय अधिकारी को चेक बुक के साथ दिया जाएगा। अति आवश्यक परिस्थितियों में 27 एवं 30 मार्च तक कोषालय अधिकारी, संचालक बजट के ई–मेल आईडी के माध्यम से स्वीकृति प्राप्त कर संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को चेकबुक उपलब्ध कराया जाएगा। जिस पर संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी के हस्ताक्षर एवं कोषालय अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किए जा सकते है। वित्तीय वर्ष के लेन–देन की समाप्ति के पश्चात आहरण एवं संवितरण अधिकारी की प्राप्ति अभिस्वीकृति लेकर चेकबुक वापस किया जा सकेगा। जारी किये गए समस्त चेकों का भुगतान 30 मार्च तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सीटू कार्यालय में मनाया गया होली मिलन समारोह



**दल्लीराजहरा।** हिंदुस्तान स्टील इंप्लाइज यूनियन कार्यालय प्रांगण में मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में भिलाई स्टील प्लांट से जुड़े नियमित कर्मचारियों के साथ-साथ संविदा कर्मचारी और संगठन से जुड़े अन्य सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। समारोह के दौरान सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। पारंपरिक नगाड़ों की थाप पर रंग बरसे भीगे चुनर वाली और मुख मुरली बजाए जैसे लोकप्रिय गीतों के साथ छत्तीसगढ़ी और हिंदी होली गीतों पर सदस्यों ने उत्साहपूर्वक नृत्य कर पर्व का आनंद लिया। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन के वरिष्ठ कामरेड़ों का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। आयोजन में पुरुषोत्तम सिमैया, ज्ञानेंद्र सिंह, विनोद मिश्रा, प्रकाश सिंह क्षत्रिय, सुजीत दत्ता, जे. गुरुउलू, शशिकांत और इंद्र दमन सिंह सहित सीटू के सभी सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।

### ट्रांसफार्मर के नीचे ज्वलनशील बोरियां, बड़े हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

सुपेला क्षेत्र में एक बिजली ट्रांसफार्मर की स्थिति को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। दक्षिण गंगोत्री सुपेला सर्कस मैदान में स्थित ट्रांसफार्मर के ठीक नीचे झिल्ली और पन्नियों से भरी बोरियां पड़ी हुई हैं, जो कभी भी खतरे का कारण बन सकती हैं। यह ट्रांसफार्मर पत्रकार कॉलोनी के सामने स्थित है और इसी से कॉलोनी सहित आसपास के इलाके में बिजली की आपूर्ति होती है। ऐसे में ट्रांसफार्मर के नीचे ज्वलनशील सामग्री का पड़े रहना बड़ी दुर्घटना को न्योता दे सकता है, खासकर गर्मी के मौसम में। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में इन दिनों नई दुकानों का निर्माण भी किया जा रहा है। ट्रांसफार्मर के बिल्कुल बाजू में ही एक दुकान बना दी गई है, जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता और बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो आग लगने या किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय नागरिकों ने बिजली विभाग और नगर निगम से जल्द कार्रवाई कर ट्रांसफार्मर के आसपास की ज्वलनशील सामग्री हटाने और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## पीएम-आशा योजना की पंजीयन तिथि 31 तक बढ़ी

हरिभूमिन्यूज ▶▶। बालोद

- समर्थन मूल्य पर होगी दलहन-तिलहन की खरीदी

कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पीएम आशा) योजनांतर्गत प्राईस सपोर्ट स्कीम के तहत किसानों का पंजीयन समितियों के माध्यम से ई समयुक्ति पोर्टल में किया जाएगा।

उन्होंने योजना अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में क्रमशः अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन तथा रबी विपणन वर्ष 2026–27 में क्रमशः चना, मसूर एवं सरसों फसलों की बुआई करने वाले कृषक अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से सेवा सहकारी समितियों में आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर एवं अपना पंजीयन कराने को कहा है। उक्त योजना अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जिले के लिए चिन्हांकित एजेंसी नेशनल को–ऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा पंजीकृत कृषकों की फसलों का उपार्जन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य जिसमें खरीफ फसल अरहर 8000 रूपए, मूंग 8768 रूपए, उड़द 7800 रूपए, मूंगफली 7263 रुपए, सोयाबीन 5328 रूपए एवं रबी फसल चना 5875 रूपए, मसूर 7000 रूपए एवं सरसों 6200 रूपए न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल तय किया गया है। जिसके लिए कृषकों का पंजीयन ई समयुक्ति पोर्टल के माध्यम से पंजीयन करने की तिथि 28 फरवरी में वृद्धि कर अब 31 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। शासन द्वारा जिले में उपार्जन एवं भण्डारण के लिए उपार्जन केन्द्र के रूप में विकासखण्ड बालोद अन्तर्गत सेवा सहकारी समिति सांकरा–ज, निपानी, लाटाबोड़, पीपरछेड़ी विकासखण्ड गुरूर अन्तर्गत सेवा सहकारी समिति फागुन्दाह, गुरूर, सनौद, बासीन विकासखण्ड डौण्डी अन्तर्गत सेवा सहकारी समिति डौण्डी, चिखलाकसा विकासखण्ड डौण्डीलोहारा अन्तर्गत सेवा सहकारी समिति डौण्डीलोहारा, सुरेगांव, देवरी, नांहदा विकासखण्ड गुण्डरदेही अन्तर्गत सेवा सहकारी समिति गुण्डरदेही, अर्जुदा, भांठागांव–बी, कसौंदा को निर्धारित किया गया है।

योजनान्तर्गत शासन द्वारा पंजीकृत कृषकों से खरीफ फसल अरहर 3 क्विंटल, मूंग 3 क्विंटल, उड़द 3 क्विंटल, मूंगफली 7 क्विंटल, सोयाबीन 5 क्विंटल प्रति एकड़, एवं रबी फसल चना 6 क्विंटल, मसूर 2 क्विंटल, सरसों 5 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से कृषकों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि अपने क्षेत्र के संबंधित समिति उपार्जन केन्द्रों में पहुंच कर फसलों के रकबे का पंजीयन एवं फसल उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर विक्रय कर सकते हैं।

## कलेक्टर ने काशी विश्वनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना, झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश






**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम पोण्डी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होने के पूर्व ग्राम पोण्डी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना कर स्वच्छता कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी एवं अधिकारी–कर्मचारियों ने मंदिर परिसर की साफ–सफाई कर स्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इस दौरान ग्रामीणों एवं महिलाओं के द्वारा जल है तो कल है तथा पौधरोपण एवं पानी के संरक्षण के संबंध में नारे भी लगाए। कलेक्टर मिश्रा एवं अधिकारियों ने ग्राम पोण्डी में जल संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान के अंतर्गत किए जा रहे बेहतरीन कार्यों की भी भूरि–भूरि प्रशंसा की गई।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा डौंडीलोहारा मंडल की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। डौंडीलोहारा

जिला भाजपा बालोद के निर्देश व मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा की सहमति से भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा डौंडीलोहारा मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। इस संबंध में मंडल अध्यक्ष संदीप भंसाली ने सूची जारी कर संगठन को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की जानकारी दी।

जारी सूची के अनुसार उपाध्यक्ष पद पर राजू लूनकरण भंसाली, प्रकाशचंद जैन, जय राखेचा एवं कौशल लोढ़ा को जिम्मेदारी दी गई है। महामंत्री पद पर धीरज लोढ़ा एवं कमलेश जैन को नियुक्त किया गया है। इसी तरह मंत्री पद पर सतीश डोसी, संतोष जैन एवं दर्शन संचेती को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोषाध्यक्ष के रूप में प्रयाग लोढ़ा तथा सहकोषाध्यक्ष के रूप में राहुल सांखला को नियुक्त किया गया है।

मीडिया प्रभारी के रूप में राहुल अरोरा तथा सह मीडिया प्रभारी के रूप में नीलेश सुराना को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं कार्यालय मंत्री के रूप में अज्जु बाफना और सह कार्यालय मंत्री के रूप में सुदेश लोढ़ा को दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में राकेश जैन तथा सह सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में ओमप्रकाश जैन को नियुक्त किया गया है। मंडल अध्यक्ष संदीप भंसाली ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपेक्षा व्यक्त की है।

## पेज 9 का शेष

### 27 मार्च को जामगांव आर में होगी ...

प्रतिष्ठा की कराएंगे। तत्पश्चात कार सेवकों का सम्मान होगा संध्या विवेक शर्मा ग्रुप की विशेष प्रस्तुति से भक्त मुग्ध होंगे। 26 मार्च को कलश यात्र वेदी पूजन के साथ सायकल सुर ओ चंदन बैंड ग्रुप द्वारा भजन संध्या का आनंद भक्त लेंगे।

### जनसमस्या निवारण शिविर में ....

अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा जिला प्रशासन के आला अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। पोण्डी जनसमस्या निवारण शिविर में आज कुल 159 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें सभी 159 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। प्रशासन द्वारा इस शिविर क्षेत्र में पहले करते हुए आसपास के विभिन्न ग्रामों में विगत 10 दिनों में लोगों की मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 1304 आवेदन प्राप्त किए गए, जिसका शत प्रतिशत निराकरण कर लिया गया है।

जनसमस्या निवारण शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा ग्रामीणों के बीच प्रशासनिक अमले की उपस्थिति सुनिश्चित कराकर उनकी वास्तविक जरूरतों, मांगों एवं समस्याओं से रूबरू कराने तथा उनके मांगों एवं समस्याओं का समुचित निराकरण सुनिश्चित करने का अभिनव प्रयास किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा आम जनता के हित में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए ग्रामीणों को शिविर में उपस्थित होकर इन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत किए गए मांगों एवं समस्याओं की जानकारी देते हुए कहा कि जिला स्तर एवं विभागीय योजनाओं के माध्यम से हल किए जाने वाले मांगों एवं समस्याओं का वे त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा उन्होंने शासन स्तर पर निराकृत होने वाले समस्याओं के निराकरण हेतु भी उचित कार्यवाही करने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को जीवन में जल का महत्व बताते हुए, जल के विवेकपूर्ण उपयोग और जल संरक्षण हेतु सहभागिता निभाने तथा अपने–अपने घरों में सोख्ता गड्ढा बनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए उन्हें किसी भी स्थिति में बाल विवाह नही करने तथा इसके रोकथाम के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू ने पोण्डी में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के आला अधिकारियों की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी का आत्मीय अभिनंदन एवं स्वागत किया। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि शिविर में कलेक्टर मिश्रा एवं वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति से पोण्डी तथा अंचल के विकास को नई गति मिलेगी। इस दौरान अतिथियों के द्वारा नन्हें मुन्हें बच्चों को स्वादिष्ट खीर खिलाकार उनका अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। इसके अलावा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंटकर उनका गोदभराई रस्म को पूरा किया गया। शिविर में अतिथियों ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जल संरक्षण के कार्यों के अंतर्गत पानी के संरक्षण एवं संवर्धन करने तथा उल्लास कार्यक्रम अंतर्गत 15 वर्ष या इससे अधिक के निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने के पुनीत कार्य में सहभागिता सुनिश्चित करने की भी शपथ दिलाई।

### कलेक्टर ने दिलाई बाल विवाह ...

कलेक्टर मिश्रा एवं वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति से पोण्डी तथा अंचल के विकास को नई गति मिलेगी। इस दौरान अतिथियों के द्वारा नन्हें मुन्हें बच्चों को स्वादिष्ट खीर खिलाकार उनका अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। इसके अलावा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंटकर उनका गोदभराई रस्म को पूरा किया गया। शिविर में अतिथियों ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जल संरक्षण के कार्यों के अंतर्गत पानी के संरक्षण एवं संवर्धन करने तथा उल्लास कार्यक्रम अंतर्गत 15 वर्ष या इससे अधिक के निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने के पुनीत कार्य में सहभागिता सुनिश्चित करने की भी शपथ दिलाई।

### शहर में धड़ल्ले से हो ...

श्रवण शर्मा, केशव सिंह का कहना है कि शहर के कई होटलों और भोजनालयों में दिन-रात घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग हो रहा है, जबकि इसकी जानकारी संबंधित विभागों को भी है। बावजूद इसके नियमित कार्रवाई नहीं होने से होटल संचालकों के हौसले बुलंद हो गए हैं। शहर के नागरिकों का कहना है कि संबंधित विभागों को समय-समय पर होटल, ढाबों और भोजनालयों की जांच करनी चाहिए। यदि कहीं घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके।

**होटल संचालकों का पक्षः** दल्लीराजहरा के कुछ होटल संचालकों का कहना है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत घरेलू गैस की तुलना में अधिक होती है, जिससे छोटे होटल और ठेला संचालकों के लिए आर्थिक बोझ बढ़ जाता है। उनका कहना है कि सरकार को छोटे व्यापारियों के लिए गैस व्यवस्था में कुछ राहत देनी चाहिए।

## खबर संक्षेप



### दलदल में फंसी गर्भवती गाय का गौ-सेवकों ने किया रेस्क्यू

**गुण्डरदेही।** एसडीएम कार्यालय के पीछे दल दल में फंसे एक गर्भवती मवेशी जो दल-दल में फंस कर एक बछड़े को जन्म दें रहा था, जिसे गुण्डरदेही के गौ सेवक की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल कर प्रसव कराने के बाद कृष्णा गौशाला भेजा गया।

### जयंती पर मां कर्मा की मूर्ति स्थापना कल

**डौंडीलोहारा।** ग्राम सिरपुर बगईकोन्हा में साहू समाज द्वारा ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती एवं मां कर्मा की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम का आयोजन 15 मार्च रविवार को किया जाएगा। साहू समाज के ग्रामीण अध्यक्ष कीर्तन साहू ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे पूजा-अर्चना और आरती के साथ होगी, जिसके बाद गांव में भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे गरुड़ ध्वजारोहण के पश्चात मां कर्मा की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे अतिथियों का आगमन, स्वागत एवं उद्बोधन कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया जाएगा तथा स्वस्थ मनोरंजन के लिए बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही रत्नावली मानस परिवार सहगांव द्वारा भी विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम को लेकर ग्रामवासियों और साहू समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है।



### कलेक्टर ने डीएमएफ बेस लाइन सर्वे कार्य का लिया जायजा

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम जुंगेरा पहुंचकर ग्राम पंचायत में चल रहे डीएमएफ बेस लाइन सर्वे कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर जुंगेरा सहित आस पास के गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता, पेयजल, कौशल विकास तथा बुनियादी ढांचा की उपलब्धता एवं आवश्यकताओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली।
इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार डीएमएफ बेस लाइन सर्वे कार्यक्रम अंतर्गत जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रें सामाजिक–आर्थिक स्थितियों, बुनियादी ढांचे की कमियों और पर्यावरणीय मुद्दों का मानचित्रण करना ताकि लक्षित विकास सुनिश्चित करने हेतु बेस लाइन सर्वे किया जा रहा है।
इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा कर जुंगेरा एवं आस पास के गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं के अंतर्गत मोबाईल वैन के अलावा 108 एवं 102 वाहनों की उलपब्धता, स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाइयों एवं अन्य जरूरी चीजों की उलपब्धता तथा स्कूलों में अध्ययन–अध्यापन की व्यवस्था के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए पालकों तथा शिक्षकों के बीच नियमित रूप से संपर्क एवं समन्वय स्थापित कर शिक्षा गुणवत्ता को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

## राहत : बकाया बिलों पर मिलेगी 100 प्रतिशत तक की छूट

# बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को आर्थिक राहत देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 'बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026' का औपचारिक शुभारंभ 12 मार्च को मेडिकल कॉलेज रायपुर के ऑडिटोरियम में किया गया।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव एवं पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी भीमसिंह कंवर के मार्गदर्शन में तैयार यह योजना मुख्य रूप से निम्नदाब घरेलू, बीपीएल और कृषि श्रेणी के अशासकीय उपभोक्ताओं को बकाया राशि के बोझ से मुक्त करने के लिए बनाई गई है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग रीजन के लगभग 3 लाख उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा, जिनके ऊपर 72 करोड़ रुपए की राशि बकाया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 के माध्यम से 31 मार्च 2023 के पूर्व निष्क्रिय बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि पर 75 प्रतिशत की छूट एवं अधिभार राशि पर 100 प्रतिशत की छूट, निष्क्रिय घरेलू श्रेणी के उपभोक्ता के लिए बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि पर 50 प्रतिशत की छूट एवं अधिभार राशि पर 100 प्रतिशत की छूट तथा निष्क्रिय कृषि (स्थायी एवं अस्थायी) श्रेणी के उपभोक्ता के लिए बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि पर 50 प्रतिशत की छूट एवं अधिभार राशि पर 100 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार 31 मार्च 2023 के पूर्व सक्रिय बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ता के लिए 05 वर्ष से अधिक अवधि के बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि पर 75 प्रतिशत की छूट एवं अधिभार राशि पर 100 प्रतिशत की छूट तथा 01 वर्ष से 05 वर्ष तक अवधि के सक्रिय बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ता के लिए बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि में 50 प्रतिशत एवं अधिभार राशि में 100 प्रतिशत की छूट की सुविधा मिलेगी।

31 मार्च 2023 की स्थिति में सक्रिय अशासकीय घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं के लिए बकाया राशि भुगतान पर अधिभार राशि में 100 प्रतिशत छूट के साथ मूल राशि के किश्तों में भुगतान करने पर भी छूट की सुविधा मिलेगी। इसके तहत एकमुश्त भुगतान पर मूल राशि में 10 प्रतिशत एवं अधिभार राशि में 100 प्रतिशत, तीन किस्तों में भुगतान पर मूल राशि में 05 प्रतिशत एवं अधिभार राशि में 100 प्रतिशत तथा छः किश्तों में भुगतान पर मूल राशि में शून्य प्रतिशत एवं अधिभार राशि में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

### दुर्ग, बालोद और बेमेतरा में सजेगी लोक अदालत

सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने बताया कि 14 मार्च 2026 को आयोजित लोक अदालत में दुर्ग रीजन के 9374 समाधान योजना के तहत पात्र उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा के जिला न्यायालयों में आयोजित इस लोक अदालत के माध्यम से उपभोक्ता मौके पर ही अपने प्रकरणों का निपटारा कर भारी छूट का लाभ उठा सकते हैं। विभाग ने अपील किया है कि सभी पात्र उपभोक्ता इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं और अपने बकाया बिजली बिलों का निपटान कर एक जिम्मेदार नागरिक के रुप में बिजली कंपनी के सुदृढ़ीकरण में सहयोग करें।

### अब किस्तों में बकाया बिल भुगतान पर नहीं लगेगा कोई अतिरिक्त अधिभार

शेष बकाया राशि की किस्तों में भुगतान पर आगामी माहों में कोई अधिभार देय नहीं होगा। इस योजना में छूट का लाभ लेने के लिए पात्र सक्रिय अशासकीय घरेलू एवं अशासकीय कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं को मोर बिजली एप के माध्यम से या संबंधित वितरण केंद्र, जोन कार्यालय में जाकर पंजीकरण करना अनिवार्य होगा।
पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए उपभोक्ता को अपनी कुल बकाया राशि का न्यूनतम 10 प्रतिशत भुगतान जमा करना होगा। योजना को जमीनी स्तर पर सफल बनाने के लिए विभाग ने मीटर वाचकों के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की है। उपभोक्ताओं को भुगतान के लिए प्रेरित करने पर मीटर वाचकों को, निष्क्रिय, सक्रिय घरेलू, बीपीएल या कृषि श्रेणी के बकायेदारों द्वारा एकमुश्त भुगतान पर प्राप्त धनराशि का 05 प्रतिशत (अधिकतम 1000 रूपये प्रति कनेक्शन) एवं किस्तों में भुगतान किये जाने पर संपूर्ण भुगतान प्राप्त होने पर प्राप्त धनराशि का 05 प्रतिशत (अधिकतम 500 रूपये प्रति कनेक्शन) प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

## विज्ञान प्रदर्शनी व क्राफ्ट मेला के प्रतिभागी छात्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में विद्यार्थियों की मेहनत व उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पारितोषिक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी व क्राफ्ट मेला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य चंद्रमणि वासनिक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को सामने लाने का प्रयास है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और सच्ची लगन से कार्य करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि इसी से सम्मान और सफलता प्राप्त होती है।

व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सम्मानित विद्यार्थियों से अन्य छात्रों को भी अच्छा कार्य करने की प्रेरणा मिलती है, जो उनकी प्रगति का कारण बनती है। वहीं व्याख्याता पवन सिन्हा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए अपने प्रयासों में और अधिक उत्कृष्टता लाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए यूथ एंड इको क्लब प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने कहा कि यह सम्मान विद्यार्थियों के अनुशासित प्रयास और लगन का परिणाम है।

प्रतियोगिता में 11वीं कक्षा की जिज्ञासा, भावना, टिकेश्वरी व दिव्या तथा 9वीं के ओमलाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 11वीं की साधना, मेघा तथा 9वीं के दिवाकर और भारती ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 11वीं कक्षा की मुस्कान, भावना, दामिनी और सुषमा को मॉडल व औषधीय युक्त चार्ट निर्माण के लिए वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन एवं बिंदु पटेल द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल रहा।

### स्वामी आत्माराम कुम्भज की पुण्यतिथि पर 16 को मानस संगोष्ठी



**बालोद।** महर्षि मुक्ताश्रम सेवा न्यास हथौद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 16 मार्च को ब्रह्मलीन वेदांत केशरी स्वामी आत्मा राम कुम्भज की पुण्यतिथि मनाने की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर स्वामी जी के कृपा पात्र शिष्य मंडली सहित क्षेत्र के मानस वक्ताओं का मानस संगोष्ठी का आयोजन आश्रम परिसर में ठीक 2:30 बजे आरम्भ होगी और संध्या 5 बजे गुरु आरती से समान होगी। मानस वक्ताओं में अमृतानंद सिन्हा एवं आशीष सिन्हा, बूटू नागराज, भरत कौशिक, हेमंत सिन्हा, पुरुषोत्तम सिंह राजपूत बेलमांड होंगे। साथ ही नवरात्रि पर्व परंपरानुसार मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में गोविंद साहू, जागेश्वर साहू, ओम प्रकाश गजेंद्र, संतोष सिन्हा, पवन साहू, यशवंत साहू, देवेंद्र साहू, भावेश, हेमंत सिन्हा, सागर दास मानिकपुरी, पुरुषोत्तन राजपूत उपस्थित थे।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, पूतना वध और बाल लीलाओं की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा



खप्परवाडा से अर्जुन्दा मार्ग पर ग्राम सिकोला में भागवत कथा में शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव, पूतना वध, बाल लीलाएं और माखन चोरी के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा वाचक गुरुदेव आचार्य संत निरंजन महाराज द्वारा किया गया।

कथा के दौरान महाराज ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि जब धरती पर अत्याचार बढ़ गया और कंस का आतंक फैल गया, तब भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लेकर धर्म की स्थापना का संकल्प लिया। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म मथुरा की कारागार में हुआ, जिसके बाद वसुदेव जी उन्हें सुरक्षित रूप से गोकुल ले गए। योगिता -नंदकिशोर (परीक्षित ) के सहयोग दे रहे हैं,

इसके बाद पूतना वध की कथा सुनाई गई। महाराज जी ने बताया कि कंस के आदेश पर राक्षसी पूतना ने बालक कृष्ण को मारने के लिए विष से भरा दूध पिलाने का प्रयास किया, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने उसका वध कर दिया और उसे भी मोक्ष प्रदान किया। कथा में आगे भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। गोकुल में बालक कृष्ण अपनी नटखट लीलाओं से सभी को आनंदित करते थे। विशेष रूप से माखन चोरी की लीला का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भक्त भावविभोर हो गए। महाराज जी ने बताया कि भगवान की ये लीलाएं भक्तों को प्रेम, भक्ति और आनंद का संदेश देती हैं। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्त भक्ति रस में सराबोर होकर भगवान के जयकारे लगाते रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। अंत में आरती और प्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन किया गया।

### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदकों को दी जाएगी निःशुल्क कोचिंग

**बालोद।** जिला प्रशासन बालोद एवं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा अग्निवीर भर्ती के अभ्यर्थियों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले के इच्छुक आवेदक गूगल फार्म के माध्यम से 20 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित की गई है। उन्होंने बताया कि भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु 13 फरवरी से 1 अप्रैल तक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा माह जून में उक्त पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा लिया जाना संभावित है। उक्त वेबसाइट पर आवेदन करने वाले बालोद जिले के अभ्यर्थियों को जिला प्रशासन बालोद और जिला रोजगार कार्यालय बालोद द्वारा निःशुल्क कोचिंग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यथएँ भारतीय थल सेना में अग्निवीर भतएँ हेतु पंजीयन पश्चात 20 अप्रैल तक गूगल फार्म के लिंक के माध्यम से अथवा जारी किए गए क्यू आर कोड स्केन कर आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि आवेदक को सेना भतएँ कार्यालय द्वारा जारी पंजीयन क्रमांक एवं व्हाट्सएप्प मोबाईल नम्बर उल्लेखित करना अनिवार्य है।

## जिपं अध्यक्ष तारणी का जन्मदिन बना जन-उत्सव

### समर्थकों के साथ मनाया होली मिलन समारोह





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर का जन्मदिन इस अनूठे रंग में रंगा नजर आया। उनके जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम और होली मिलन समारोह में शुभकामनाओं का तांता लगा रहा। इस दौरान जिले के दिग्गज नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम जनमानस की उपस्थिति ने इस आयोजन को वृहद रूप बना दिया। फूलों के गुलदस्ते, मिठाईयों और आतिशबाजी के बीच समर्थकों का उत्साह के साथ जन्मदिन मनाया।

जन्मदिन के अवसर पर जिले के कोने–कोने से पहुंचे पाटएँ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी सुबह से ही बधाई संदेशों से पटे रहे। स्थानीय नेताओं और वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने भी निवास पहुंचकर उन्हें लंबी आयु और उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य का आशीर्वाद दिया।

इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, उपाध्यक्ष जिला सहकारी बैंक नरेश यदु, जिला पंचायत उपाध्यक्ष टोमन साहू, बालोद नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन गुण्डरदेही जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, मुकेश कौड़ो सरस्वती टेमारिया जिला पंचायत सदस्यगण, मिथलेश नूरेटी, कांति सोनेश्वरी, मीना साहू, लक्ष्मी साहू, नीलिमा श्याम सभी जनपद अध्यक्ष, मंडल अध्यक्षगण, पाटएँ पदाधिकारियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों और महिला समूहों ने भी अध्यक्ष से भेंट कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित किया। अपने जन्मदिन को सेवा और समर्पण के प्रतीक के रूप में मनाते हुए तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की।

सभी शुभचिंतकों से मिले अपार प्रेम और स्नेह से अभिभूत होकर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने सभी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज आप सभी ने जो स्नेह और आशीर्वाद मुझ पर बरसाया है, वह मेरी असली ताकत है। मैं अपने सभी शुभचिंतकों, पूज्य आशीर्वाददाताओं, पाटएँ के वरिष्ठ पदाधिकारियों, निष्ठावान कार्यकर्ताओं और प्यारे क्षेत्रवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। आपका यही विश्वास मुझे जिले के विकास और जनसेवा के लिए निरंतर ऊर्जा प्रदान करता है। जन्मदिन के इस मौके पर उन्होंने संकल्प लिया कि जिला पंचायत के माध्यम से शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे कार्यकर्ताओं के मान–सम्मान और क्षेत्र की प्रगति के लिए सदैव समर्पित रहेंगी।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर की नवीन कार्यकारिणी गठित

**गुरूर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर के नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें ग्राम बड़भूम के कार्यकर्ता शिवम् कुरैटी को ब्लॉक सचिव पद पर नियुक्त किया गया है, वे पूर्व में ग्राम पंचायत बड़भूम के सरपंच, एनएसयूआई के अध्यक्ष, निर्वाचित युवा कांग्रेस के महासचिव एवं अनेक सामाजिक पद पर कार्य कर चुके है। उन्होने नियुक्ति पर संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष किशोर साहू, महामंत्री शादिक अली सुमीत राजपूत एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

### भेंगारी में कर्मा जयंती 17 को

**लाटाबोड़।** इस वर्ष भी बालोद ब्लॉक के ग्राम भेंगारी में भक्त मां कर्मा कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन 17 मार्च को रखा गया है, जिसमें समस्त पदाधिकारी आमंत्रित है। ग्रामीण भागीरथी साहू ने बताया कार्यक्रम की शुरुवात भव्य कलश यात्रा सुबह 11 बजे से ध्वजारोहन 1 बजे अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन दोपहर 1. 30 बजे के साथ ही भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना बाद समापन होगा। वही सामाजिक बंधु के अलावा ग्रामीणों की मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन जय बजरंग रामधुनी मंडली डोटोपार वाले अपनी प्रस्तुति देंगे।

### भरदा में कर्मा जयंती 15 मार्च को

**गुरूर।** परिक्षेत्र भरदा के अंतर्गत ग्रामीण साहू समाज भरदा का कर्मा जयंती 15 मार्च को साहू सदन में आयोजित की गई है। ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष चमरु राम साहू ने बताया कि सुबह 11 बजे कलश शोभायात्र, दोपहर 12 ध्वजारोहण, दोपहर 1 बजे अतिथी स्वागत एवं उद्बोधन होगा। मुख्य अतिथि परिक्षेत्र अध्यक्ष हेमूराम साहू होंगे। अध्यक्षता परिक्षेत्र संरक्षक पारख साहू करेगे। सरपंच कोमल साहू, परिक्षेत्र महिला उपाध्यक्ष दिनेश्वरी साहू, उपसरपंच जमील खान, रिटायर सैनिक एजाज खान, महिला उपाध्यक्ष ग्रामीण धनेश्वरी साहू, महिला संयोजिका संतोषी साहू, महिला सचिव महेश्वरी साहू, परिक्षेत्र महिला संगठन सचिव पूर्णिमा साहू के आतिथ्य में होगा।

### कोचवाही में भागवत कथा आज से

**गुरूर।** ग्राम कोचवाही के ग्रामीणों द्वारा नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ समारोह का आयोजन 20 से 28 मार्च तक किया गया है। कथा समय दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक किया गया है। कथावाचक पंडित महेश नारायण शास्त्री होंगे। रोहित यादव ने बताया कि 20 मार्च को कलश यात्र एवं श्री गणेश पूजन, मंडप पूजन, गौकरण कथा प्रारंभ माहात कथा होगा। 21 मार्च को परीक्षित जन्म, सुखदेव आगमन, भगवान 24 अवतार प्रसंग कथा कथा होगा। 22 मार्च को जड भरत, धुव प्रहलाद चरित्र कथा होगा। 23 मार्च को गजग्राह, समुद्र मंथन, वामन जन्मोत्सव कथा होगा। 24 मार्च को श्री राम, श्री कृष्ण जन्मोत्सव कथा होगा। 25 मार्च को श्री कृष्ण बाल लीला, दही लूट कथा होगा। 26 मार्च को गोवर्धन पूजन, छप्पन भोग, रुखमणी कृष्ण विवाहोत्सव कथा होगा। 27 मार्च को श्री भागवत समापन, तुलसी वर्षा, चढोतरी, शोभायात्र निकाला जाएगा। 28 मार्च को गीता हवन, गंगा स्नान होगा।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में ग्रामीणों को साक्षर बनाने की पहल

# दिल्ली से आई विशेषज्ञ टीम ने टेकापार जन चेतना केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- नई दिल्ली की विशेषज्ञ टीम ने बालोद के टेकापार केंद्र का किया निरीक्षण

भारत सरकार के शिक्षा एवं साक्षरता मंत्रलय द्वारा संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में साक्षरता कार्यक्रम की प्रगति एवं संचालन की जानकारी प्राप्त करने के लिए नई दिल्ली से आई विशेषज्ञ टीम ने बुधवार को विकासखंड बालोद के ग्राम टेकापार स्थित जन चेतना केंद्र का निरीक्षण किया। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण बालोद द्वारा संचालित जन चेतना केंद्र, शासकीय प्राथमिक शाला टेकापार में आयोजित इस कार्यक्रम में नई दिल्ली टीम के सदस्य प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय डॉ. अजीत कुमार, एनसीईआरटी नई दिल्ली डॉ. मोनालिसा पॉल, एससीईआरटी रायपुर डेकेश्वर वर्मा तथा एनसीईआरटी नई दिल्ली राजकुमार उपस्थित रहे। टीम ने केंद्र में पहुंचकर स्वयंसेवियों और शिक्षार्थियों से चर्चा–परिचर्चा की तथा साक्षरता गतिविधियों की जानकारी ली।

इस दौरान स्वयंसेवी साथियों एवं शिक्षार्थियों ने टीम को बताया कि ग्राम टेकापार में जन चेतना केंद्र की कार्यशैली किस प्रकार संचालित की जा रही है और किस तरह ग्रामीणों को साक्षरता से जोड़ा जा रहा है। टीम ने केंद्र के संचालन और स्थानीय सहभागिता की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी पहल बताया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत टेकापार की सरपंच खेमेश्वरी साहू, उपसरपंच राजूलाल यादव, अध्यक्ष आत्माराम साहू, पंच जय सिंह तारम सहित जिला व शिक्षा विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से डीएमसी बालोद अवन कुमार जांगड़े, एपीसी व जिला नोडल बालोद राजेंद्र देवांगन, एबीईओ व ब्लॉक नोडल बालोद उमा ठाकुर, प्राचार्य हायर सेकंडरी नेवारीकला ज्योति देशमुख, सीएसी नेवारीकला संदीप कुमार दुबे, प्रधान पाठक माध्यमिक शाला टेकापार टोमनलाल गावरे, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला टेकापार महेश कुमार सोनकर, प्रधान पाठक नेवारीखुर्द टोमनलाल बंजारे, प्रधान पाठक नेवारीकला विष्णुराम साहू तथा शिक्षक नेवारीकला बेनेश्वर साहू उपस्थित रहे।

इसके अलावा पार्वती साहू, चंद्रकिरण यादव, पुष्पेंद्र यादव, दीनानाथ भुआर्य, नीतू साहू, बिना यादव, दामिनी यादव, छबीला साहू, उमा शुक्ला, परमिला साहू, शांति यादव, गायत्री यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों में साक्षरता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सहभागिता को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया।

# मुक्त वाटिका में गूंजी श्रीमद्भागवत की महिमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

महर्षि मुक्तानंद के नाम से स्थित मुक्त वाटिका सिकोला बगीचा जो ग्राम मटिया, देवगहन, ओडरसाकारी, चीचा, भरदा, गुरेदा, तिलखौरी, रौना, भिलाई, सलोनी, अर्जुंदा के परिक्षेत्र के लिए आध्यात्मिक शक्ति का केंद्र है जो मनोरम दृश्य के लिए भी जाने जाते हैं, जहां भागवत आश्रम लिमतरा के आचार्य निरंजन महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को भागवत कथा सुनाया गया, जिन्होंने बताया कि वस्तु संग्रह और मोह मनुष्य के लिए दुख का कारण है।

परोपकार करने का भाव रखने वाले ही आनंद और सुखमय जीवन जीते हैं। अंचल के साहित्यकार केशव राम साहू के द्वारा कविता पाठ किया गया। जिन्होंने आश्रम के प्रकृति सुंदरता के साथ गौ माता, पर्यावरण, नारी सम्मान, नशा मुक्ति, समरसता आदि विषयों पर कविता सुनाया। इस अवसर पर आश्रम के अध्यक्ष रामसागर सिन्हा, लाभूराम निषाद, दसरू राम देशमुख, मोहनलाल हिरवानी, राम भगत साहू, श्रीराम देशमुख, कुलेश्वर साहू,मिलन कुमार, इंद्रमण, खिलावन सिन्हा, सुदामा हिरवानी ,पुरुषोत्तम साहू ,शिवनारायण, तोमन लाल, प्यारेलाल, भागवत सेन, कपिल राम साहू, गैधर साहू, गजानंद निषाद, रूपराम निषाद, तेजराम साहू, तेजू राम देवांगन, पंकज चौधरी, लेवन देशमुख आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मना रहा विश्व ग्लूकोमा सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



जिला अंधत्व निवारण कार्यक्रम इकाई बालोद अंतर्गत जिले के विकासखंड में विश्व ग्लाकोमा सप्ताह 8 से 14 मार्च तक जन जागरुकता अभियान के तहत मनाया जा रहा है, इसके तहत विकासखंड गुरूर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ग्लाकोमा सप्ताह मनाया गया तथा नेत्र परीक्षण कर मरीजों का चिन्हांकन किया गया नजदीक नजर को चश्मा 3 व्यक्ति को निःशुल्क प्रदान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील भारती गुरूर द्वारा प्रदान किया गया।

इस वर्ष ग्लाकोमा सप्ताह का विशेष थीम ग्लाकोमा मुक्त विश्व के लिए एकजुट होना कार्यक्रम में उपस्थित खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील भारती, डॉ जीआर रावटे, डॉ. शुभम चंद्राकर, डॉ. हुमा खान, सहायक जिला नोडल अधिकारी अंधत्व अनिल कुमार सिन्हा, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक योगेश साहू, नेत्र सहायक अधिकारी बोड़रा डिगेश कुमार देवदास, नेत्र सहायक अधिकारी–पलारी श्याम सुंदर देवांगन, नेत्र सहायक अधिकारी अरमरीकला टिकेश्वर प्रसाद साहू, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी केआर उर्वशा, नर्सिंग सिस्टर ललिता ठाकुर, निलिमा धुरव, सहायक ग्रेड़ 3 विवेक देवांगन, भारती साहू, लीना मंडावी, अन्नपूर्णा नागवंशी, धनेश्वरी वर्मा, हेमलता कोसरे, लक्ष्मीकांत साहू, देवश्री एवं समस्त अस्पताल स्टाफ उपस्थित थे। ग्लाकोमा सप्ताह का आयोजन जिलाधीश दिव्या उमेश मिश्रा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आधिकारी डॉ. जेएल उइके के निर्देशन में किया जा रहा है।

### ठेकवाडीह में कर्मा जयंती कल

**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह में समस्त साहू समाज द्वारा 15 मार्च को पापमोचनी एकादशी को मां कर्मा की जयंती मनाई जाएगी। इसके मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजारी बालोद भैया राम सिन्हा होंगे। अध्यक्षता सरपंच देवश्री साहू करेंगे। विशिष्ट तिथि सभापति कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू, जनपद सदस्य जनपद पंचायत गुरुर तारा देवी, उपसरपंच तामेश्वरी साहू, पूर्व सरपंच भारती मरकाम, सेवानिवृत्ति शिक्षक बालाराम सोनवानी, सेवानिवृत शिक्षक नारायण सिंह साहू, कोलिहामार परिक्षेत्र अध्यक्ष दुलार सिंह साहू, सेवानिवृत्ति करा रोपण अधिकारी विक्रम सिंह भंडारी, सिंचाई विभाग शोभित राम सोरी, भागी राम यादव समाज, दीना राम देवदास, गोपाल सेन, विजय विश्वकर्मा होंगे। ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष पूणौत्तम साहू ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मां कर्मा की आरती सुबह 10.30 बजे कलश यात्र 11 बजे मंचीय कार्यक्रम 1 बजे से किया जाएगा।

# बाबा नरसिंग नाथ में नवरात्रि की तैयारी शुरू, 201 ज्योति कलश स्थापित होंगे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा में चैत्र नवरात्रि पर जय सहोदर राऊत बाबा नरसिंग नाथ मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए ज्योति कलश स्थापना का कार्यक्रम रखा गया है। चैत्र वासंती नवरात्रि के दौरान कुल 201 ज्योति कलश स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए श्रद्धालुओं से अग्रिम राशि 2100 रुपये प्रति ज्योति निर्धारित की गई है और 15 मार्च तक स्थान आरक्षित करने की अपील की गई है।

इस मंदिर में मनोकामना पूर्ण होता हैं प्राचीन काल मंदिर हैं। कार्यक्रम के तहत विभिन्न तिथियों में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे। इसकी शुरुआत 19 मार्च 2026 (गुरुवार) से होगी। इसके बाद 23 मार्च, 26 मार्च तथा 26 मार्च राम नवमी के दिन विशेष पूजा-अर्चना और ज्योति विसर्जन कार्यक्रम संपन्न होगा। यह आयोजन समस्त ग्रामवासी अंडा जिला दुर्ग में किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर माता जगदंबा के दर्शन कर पुण्य लाभ लेने की अपील की गई है।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने पूर्व सैनिक ने घर की छत पर लगाए फूल व फलदार पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

- ग्राम खुरसुनी के सरपंच योगेश्वर दे रहे पर्यावरण संरक्षण का संदेश

ग्राम खुरसुनी के पूर्व सैनिक अपने घर के छत पर विभिन्न प्रकार के फूल व फलदार पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं।

ग्राम खुरसुनी के पूर्व सैनिक एवं वर्तमान में गांव के सरपंच पद पर विराजमान योगेश्वर ने अपने माता पिता व धर्म पत्नी के साथ मिलकर अपने घर के ऊपर छत में एक परिवार की भांति अनेक प्रकार के फलदार पेड़ पौधों को संरक्षित कर रखें हैं और वर्तमान में सभी पौधों पर बढिया फल फूल लगने लगा है, पूर्व सैनिक एवं वर्तमान सरपंच योगेश्वर पर्यावरण संरक्षण के संबंध में नया संदेश दे रहे है इससे अन्य ग्रामीणो को प्रेरणा मिल रही है कि वे भी अपने अपने घर के छत पर पर इस तरह से पौधों का रोपण करे। योगेश्वर की इस कार्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह कार्यवाहक विनोद कुमार साहू, गुण्डरदेही के खण्ड कार्यवाह वेदप्रकाश, भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष सांवत साहू, जैविक प्रमुख मनहरण साहू, टुमेश कुमार साहू ने मुलाकात कर हर्ष व्यक्त किया।

# नगर में इस्कॉन प्रचार केंद्र प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





नगर में इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस द्वारा इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरुर प्रारंभ किया गया। यह केंद्र गुरुर के मुख्य बाजार क्षेत्र में भाजपा कार्यालय के पीछे स्थित भवन में स्थापित किया गया है।

इस प्रचार केंद्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य गुरुर नगर तथा आस पास के क्षेत्रों के लोगों को भगवान श्रीकृष्ण के पवित्र नामों के संकीर्तन, भगवद्गीता के दिव्य ज्ञान और भक्ति योग के माध्यम से आध्यात्मिक जीवन की ओर प्रेरित करना है।

केंद्र के शुभारंभ का उत्सव अत्यंत भक्ति और उल्लास के साथ गौर पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर मनाया गया। यह पावन दिवस चैतन्य महाप्रभु के दिव्य प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने इस कलियुग में हरिनाम संकीर्तन आंदोलन का प्रचार किया और लोगों को भगवान के पवित्र नामों का जप करने का संदेश दिया। महोत्सव की शुरुआत गुरुर नगर में भव्य हरिनाम संकीर्तन शोभायात्र के साथ हुई, जिसमें भक्तों ने नगर की सड़कों पर हरे कृष्ण, हरे राम महामंत्र का सामूहिक कीर्तन किया। इस संकीर्तन से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। इस कार्यक्रम में गुरुर नगर के अनेक श्रद्धालु, परिवार और आस पास के क्षेत्रें के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। लोगों ने बड़े उत्साह के साथ कीर्तन में भाग लिया और महाप्रसाद ग्रहण किया। कई लोगों ने भविष्य में होने वाले आध्यात्मिक कार्यक्रमों में नियमित रूप से भाग लेने की भी इच्छा व्यक्त की।

# भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- नगर के विश्राम भवन में भाजयुमो शहर मंडल की प्रथम बैठक हुई

यहां रेस्ट हाउस में भारतीय जनता युवा मोर्चा शहर मंडल बालोद के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की प्रथम बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, युवाओं को अधिक से अधिक पाटएँ से जोड़ने एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

बैठक में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलशन साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, भाजपा मंडल महामंत्री नरेंद्र सोनवानी, भाजयुमो शहर अध्यक्ष राहुल सोनी, जिला उपाध्यक्ष शौरभ जैन तथा जिला मंत्री आशुतोष कौशिक, जिला मीडिया प्रभारी अभिन्न यादव, जिला प्रचार–प्रसार प्रमुख जागेश्वर ढीमर और सोशल सह मीडिया प्रभारी प्रशांत चर्राडिया उपस्थित रहे। सभी वरिष्ठ नेताओं ने नवगठित टीम को संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। नवगठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष मनीष मधवानी, यश बुरड़, गौतम बजाज, महामंत्री कमल बजाज, तुषार मिनपाल, मंत्री अमित बिसाई, पुष्कर देशमुख, कोषाध्यक्ष समकित जैन, सह कोषाध्यक्ष वैभव राखेचा, मीडिया प्रभारी अर्पित दुबे, सह मीडिया प्रभारी नमन साहू, सोशल मीडिया प्रभारी यश राजपूत,सह कार्यालय मंत्री लुमेश साहू, मन की बात प्रभारी आदि ध्रुवे, प्रचार–प्रसार प्रमुख पवन यादव, प्रशिक्षण प्रमुख नमन मालपानी तथा सह प्रशिक्षण प्रमुख खम्मन साहू को दायित्व सौंपा गया। बैठक में कार्यकारिणी सदस्य संतोष जसूजा, सोमन साहू, नरेश आहूजा, सोनू ढीमर, आशीष निर्मलकर, लक्की पटेल, गौतम उपस्थित थे। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने एवं भाजपा की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### पटेल संघ का होली मिलन हुआ

**बालोद।** जिला एवं तहसील ग्राम पटेल संघ जिला बालोद के तत्वावधान में होली मिलन का आयोजन सिवनी में किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष रवि शंकर कोटेन्द, संरक्षक केवल सिंह चंदेल, रामचंद्र साहू, उपाध्यक्ष चौतराम बारले, छविल कुमार साहू, सचिव अशोक कुमार साहू, लिलेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष विजयेन्द्र कुमार धुवे, संगठन सचिव ललित कुमार हिरवानी, प्रचार प्रसार सचिव तारेन्द देशमुख, प्रवक्ता डोमार सिंह कुंवर, कार्यकारिणी सदस्य भूपेश कुमार साहू, सम्मेलाल सिन्हा, रामचरण सिन्हा, हिंसा राम, ठेलू राम, अनिल कुमार निषाद, सुरज, सगन लाल, तिलक सोरी, बदन सोरी सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## तीन प्रतिशत लंबित डी.ए. और 8वें वेतन आयोग पर हुई चर्चा

# पेंशनर समाज की बैठक में आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर समाज तहसील इकाई गुरुर की मासिक बैठक शासकीय प्राथमिक विद्यालय भवन पुरुर में हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष जीके साहू, संरक्षक नेमसिंह साहू, प्रभुराम गंगबेर, रविकांत साहू, मनहरण लाल पंचागम, कोषाध्यक्ष सम्मेराम यादव ने विचार व्यक्त किए।

बैठक में कोषाध्यक्ष सम्मेराम यादव ने आय–व्यय का विवरण प्रस्तुत किए, जिसके अनुसार 84217 रूपये अवशेष है। राज्य सरकार के अधिकारियों व कर्मचारियों से 3 प्रतिशत डी.ए. कम प्राप्त हो रहा है, जिसे प्राप्त करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। मार्च माह का जिला स्तरीय बैठक गुण्डरदेही तहसील में 18 मार्च को एवं अप्रेल माह का मासिक बैठक गुरुर तहसील में आयोजित होंगा। मार्च माह का प्रांतीय बैठक 14 मार्च को रायपुर में आयोजित है। 8वे वेतन आयोग के अनुशंसा पर संभावित लाभ पर चर्चा किया गया। पेंशनरों के समस्याओं के समाधान पर विचार व्यक्त किए गए। वार्षिक सदस्यता अंशदान 15 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से जमा कर दीजिए। दिवंगत पेंशनर ग्राम कन्हारपुरी धनवा राम मरकाम को श्रद्धांजलि अर्पित किए गए। बैठक के गतिविधियों का संचालन सचिव गांधीराम साहू, सहसचिव रामकुमार सिंह ने किया।

बैठक में सर्वश्री ज्ञानिकराम साहू, सीताराम नागवंशी, महेंद्र कुमार सोनबोईर, हेमनाथ विश्वकर्मा, ईश्वर लाल सिंह, धरमू राम भास्कर, राधेश्याम मिथिलेश, तुलसीराम नागवंशी, महेंद्र कुमार सोनवानी, रामेश्वर यादव, तीजराम नेताम, शिवचरण यादव, रुपराम साहू, जगत राम साहू, सुखराम सिंह साहू, जगतराम साहू, रामजी लाल कोर्राम, दिगम्बर सिंह वर्मा उपस्थित थे।



07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411